"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी.2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-05-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

# छत्तीसगढ़ राजपत्र

## (असाधारण)
## प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 306 ] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 12 अगस्त 2016— श्रावण 21, शक 1938

## छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय, रायपुर

रायपुर, दिनांक 2 अगस्त, 2016 (श्रावण 11, 1938)

### अधिसूचना

क्रमांक 2369/वि. स./स्था./2016.— छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय (भर्ती तथा सेवा शर्तें) नियम 1990 के नियम 18 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए माननीय अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधान सभा एतद्द्वारा छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय सेवा अधिनियम 1981 के अन्तर्गत निर्मित सचिवालय (भर्ती तथा सेवा शर्तें आदेश) नियम 1990 में निम्नलिखित संशोधन करते हैं, अर्थात् -

### संशोधन

छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय (भर्ती तथा सेवा शर्तें नियम) 1990 के नियम 3 एवं 4 में उल्लेखित पदों के अतिरिक्त राज्य पुनर्गठन के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय की पद संरचना में सृजित निम्नलिखित पदों को प्रतिस्थापित किया जाता है तथा प्रतिस्थापन के फलस्वरूप नियम 3 एवं 4 को पुन: क्रमांकित किया जाता है.

3. **अर्हताएं**

| पद | अर्हताएं |
| --- | --- |
| कम्प्यूटर प्रोग्रामर | (1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रॉनिक्स/कम्प्यूटर विज्ञान/सूचना प्रौद्योगिकी संकाय में प्रथम श्रेणी में अभियांत्रिकी स्नातक उपाधि/अथवा मास्टर्स डिग्री इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन.<br>या<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रॉनिक्स/कम्प्यूटर विज्ञान/सूचना प्रौद्योगिकी संकाय में द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि. |

| पद | अर्हताएं |
|---|---|
| सत्कार अधिकारी | (1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विज्ञान संकाय में द्वितीय श्रेणी में स्नातक उपाधि एवं कम्प्यूटर प्रशिक्षित तथा सत्कार संबंधी कार्य में रुचि रखने वाला. |
| भाषा, संस्कृति एवं साहित्य अधिकारी | (1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिन्दी साहित्य में प्रथम श्रेणी में स्नातक उपाधि एवं हिन्दी साहित्य लेखन में 5 वर्ष का अनुभव. |
| | या |
| | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिन्दी साहित्य में द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि एवं हिन्दी साहित्य लेखन में 5 वर्ष का अनुभव. |
| सहायक सत्कार अधिकारी | (1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी संकाय में न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में स्नातक उपाधि एवं मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर कोर्स में पत्रोपाधि. |
| कम्प्यूटर ऑपरेटर | (1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विज्ञान संकाय में स्नातक उपाधि एवं कम्प्यूटर एप्लीकेशन में पत्रोपाधि. |

4. **पदों की पूर्ति हेतु प्रणाली :-** किसी पद या श्रेणी के पदों को भरने के लिए निम्नलिखित तरीका या तरीके अपनाये जायेंगे, अर्थात् -

| पद/श्रेणी पद | भर्ती का तरीका/तरीके |
|---|---|
| जनसम्पर्क अधिकारी | सीधी भर्ती/पदोन्नति द्वारा |
| कम्प्यूटर प्रोग्रामर | सीधी भर्ती द्वारा |
| सत्कार अधिकारी | सहायक सत्कार अधिकारी की पदोन्नति अथवा सीधी भर्ती द्वारा |
| भाषा, संस्कृति एवं साहित्य अधिकारी | सीधी भर्ती द्वारा |
| सहायक सत्कार अधिकारी | सीधी भर्ती /पदोन्नति द्वारा |
| कम्प्यूटर ऑपरेटर | सीधी भर्ती द्वारा |
| सहायक उप मार्शल | सुरक्षा प्रहरी की पदोन्नति द्वारा |
| सुरक्षा प्रहरी | सीधी भर्ती द्वारा |

स्थान-रायपुर
दिनांक-2 अगस्त, 2016

आदेशानुसार,

हस्ता./-
**(देवेन्द्र वर्मा)**
प्रमुख सचिव.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय मुद्रणालय, रायपुर से मुद्रित तथा प्रकाशित - 2016.